# सीडीएस रावत हादसे में चीन का नाम लेने पर ग्लोबल टाइम्स हो गया लाल

निशाना

## ब्रह्मा चेलानी ने जनरल रावत के इस हादसे की तुलना ताइवान के सेना प्रमुख से की थी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बीजिंग। भारत के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत की हेलिकॉप्टर हादसे में मौत के बाद भारतीय विशेषज्ञ के चीन का नाम लेने पर ड्रैगन का सरकारी भोंपू ग्लोबल टाइम्स लाल हो गया है। दरसअल, भारत के रक्षा मामलों के विशेषज्ञ ब्रह्मा चेलानी ने जनरल रावत के इस हेलिकॉप्टर हादसे की तुलना ताइवान के सेना प्रमुख से की। चेलानी ने कहा कि दोनों ही हादसों में चीन की आक्रामकता के खिलाफ डिफेंस के एक प्रमुख व्यक्ति की मौत हो जाती है। चेलानी के इसी बयान पर ग्लोबल टाइम्स भड़का हुआ है।

सीडीसी की मौत पर चेलानी ने कहा कि एक ऐसे समय पर जब चीन के साथ 20 महीने लंबे सीमा तनाव के चलते हिमालयी फ्रंट पर युद्ध जैसी स्थिति पैदा हो गई है। भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल रावत, उनकी पत्नी और 11 अन्य सैन्य कर्मियों की एक



हेलिकॉप्टर दुर्घटना में दुखद मौत का इससे बुरा समय नहीं हो सकता था।

चेलानी ने लिखा, श्जनरल रावत की मौत 2020 की शुरुआत में हुई एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना के समान है, जिसमें ताइवान के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ जनरल की मौत हो गई थी। इसमें शेन यी–मिंग और दो प्रमुख जनरलों सहित सात अन्य शामिल थे। हर हेलिकॉप्टर क्रैश में चीन की आक्रामकता के खिलाफ डिफेंस के एक प्रमुख व्यक्ति की मौत हो जाती है।

**ब्रह्मा चेलानी पर बरसा चीन का सरकारी अखबारः** चेलानी ने कहा कि इस अजीब समानता का मतलब यह नहीं है कि दोनों हेलिकॉप्टर दुर्घटनाओं में कोई संबंध था या इसमें कोई बाहरी हाथ था। कुछ भी हो, प्रत्येक दुर्घटना ने महत्वपूर्ण आंतरिक प्रश्न उठाए हैं, विशेष रूप से शीर्ष जनरलों को ले जाने वाले सैन्य हेलिकॉप्टर के रखरखाव को लेकर।

ब्रह्मा चेलानी के इस बयान पर चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी का मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स लाल हो गया है। ग्लोबल टाइम्स ने चेलानी को टैग करके ट्वीट किया, यह विचार कुछ उसी तरह से है जैसे अमेरिका ने इस क्रैश में भूमिका निभाई हो क्योंकि भारत और रूस अमेरिका के भारी विरोध के बाद भी रूसी एस–400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम की आपूर्ति की ओर बढ़ रहे हैं।

इस बयान के बाद चीनी सोशल मीडिया यूजर्स भी चेलानी पर निशाना साधने लगे। बता दें कि जनवरी 2020 में ताइवान के सेना प्रमुख की उस समय हेलिकॉप्टर हादसे में मौत हो गई थी जब पूरा देश नए राष्ट्रपति के लिए वोट देने वाला था। इस भीषण हादसे में चीफ ऑफ जनरल स्टॉफ शेन यी मिंग और 7 अन्य वरिष्ठ अफसरों की मौत हो गई थी। शेन यी मिंग का ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर ताइपेई के नजदीक पहाड़ी इलाके में गिर गया था। जनरल रावत (63) की तरह से ताइवानी सेना प्रमुख मिंग (62) काफी अनुभवी थे।

## न्यूज डायरी



### जनरल रावत एक सच्चे लीडर, इजरायल के सच्चे दोस्त थेः प्रधानमंत्री बेनेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** यरूशलेम। इजरायल ने जनरल बिपिन रावत, जो भारत के पहले चीफ आफ डिफेंस स्टाफ थे, उनके निधन पर दुख व्यक्त किया है। इजरायल ने कहा, जनरल हमारे सच्चे दोस्त थे और वे एक सच्चे लीडर रहे। इजरायल द्वारा भारत सरकार व देश के लोगों के प्रति इस दखद और भारी नुकसान को लेकर संवेदना व्यक्त की गई है। बता दें कि बुधवार को रावत एक हेलीकाप्टर दुर्घटना में मारे गए थे। 63 वर्षीय त्रि–सेवा प्रमुख को ले जा रहा भारतीय वायु सेना का Mi–17ट5 हेलीकाप्टर बुधवार को तमिलनाडु के कुन्नूर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें उनकी पत्नी और 11 अन्य सशस्त्र बलों के कर्मियों सहित 14 में से 13 लोगों की मौत हो गई। इजरायल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने एक ट्वीट में कहा, मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं भारत में दुखद हेलीकाप्टर दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों के साथ हैं।

### चीनी हैकरों ने बनाया दक्षिण एशिया की सरकारों को निशाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बैंकाक। अमेरिका की निजी साइबर सुरक्षा कंपनी के अनुसार चीनी सरकार की ओर से प्रायोजित हैकरों ने बड़े पैमाने पर दक्षिण एशिया में सरकारों और निजी संस्थानों को निशाना बनाया है। मैसाचुएट्स स्थित अमेरिकी कंपनी इनसिक्ट के मुताबिक, चीनी हैकरों ने थाईलैंड के प्रधानमंत्री कार्यालय और थाई सेना को निशाना बनाने के साथ ही इंडोनेशिया और फिलीपींस की नौसेनाओं की जानकारियां भी हैक की हैं। इसके अलावा, वियतनाम की नेशनल एसेंबली और उसकी कम्यूनिस्ट पार्टी के केंद्रीय कार्यालय के दस्तावेजों को भी हैक किया गया है। इनसिक्ट के अनुसार, चीन सरकार की ओर से समर्थित इन चीनी हैकरों ने पिछले नौ महीनों में दक्षिण एशिया के हाईप्रोफाइल सैन्य प्रतिष्ठानों और सरकारों को अपने कस्टम मालवेयर के जरिये भारी क्षति पहुंचाई है। फनी ड्रीम और चिनोक्सी जैसे मालवेयर आम लोगों को उपलब्ध नहीं हैं। इनका उपयोग चीन सरकार के प्रायोजित कई समूह ही करते हैं।

### ऊटों की सुंदरता प्रतियोगिता में धोखाधड़ी करने वाले 40 ऊंट बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रियाद। सऊदी अरब सरकार ने ऊंटों की सुंदरता प्रतियोगिता में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए 40 ऊंटों को बाहर कर दिया है। इन ऊंटों को बोटोक्स का इंजेक्शन लगाया गया था। किंग अब्दुलअजीज ऊंट महोत्सव प्रतियोगिता जीतने वाले ऊंट को 6.6 करोड़ डॉलर मिलना है। इसको देखते हुए ऊंटों को पालने वाले लोगों ने इन बेजुबान पशुओं को बोटोक्स का इंजेक्शन लगाया था। यह ऊंट महोत्सव इसी महीने शुरू हुआ है और उसने ऊंट पालकों को अपने सबसे अच्छे ऊंट लाने के लिए आमंत्रित किया था। रेगिस्तान का जहाज कहे जाने वाले ये ऊंट बड़े पैमाने पर सऊदी अरब में पाए जाते हैं। इस प्रतियोगिता में ऊंटों को ज्यादा आकर्षक दिखाने के लिए बोटोक्स या अन्य कास्मेटिक चीजें लगाने पर पूरी तरह से पाबंदी है।

### बच्चों को लगाने पर जारी आदेश के खिलाफ पेरेंट्स का विरोध प्रदर्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। दक्षिण कोरिया में कई माता–पिता यूनियन ने किशोरों के बीच ब्टप्क–19 के प्रसार को रोकने के उद्देश्य से बच्चों के लिए पास किए वैक्सीन लगाने के जनादेश के खिलाफ गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किया। सरकार ने कहा है कि फरवरी से, 12 साल या उससे अधिक उम्र के किसी भी व्यक्ति को सार्वजनिक स्थानों में प्रवेश करने के लिए वैक्सीन पास दिखाना होगा, जिसमें निजी ट्यूशन सेंटर, पुस्तकालय और अध्ययन कैफे शामिल हैं, जहां अधिकांश छात्र स्कूल के बाद जाते हैं। छूट की आयु वर्तमान में 17 वर्ष निर्धारित की गई है। हालांकि, जनादेश ने कुछ माता–पिता के बीच माहौल बिगाड़ दिया, जो संभावित दुष्प्रभावों और जो समझते हैं कि टीका लगवाने के बावजूद संक्रमण हो रहा है, तो ऐसी सब रिपोर्ट का हवाला देते हुए अपने बच्चों का टीकाकरण करने से इनकार करते हैं। इस सप्ताह नए दैनिक संक्रमण पहली बार बढ़कर 7,000 से अधिक हो गए।

## पहले जहरीली खाद दी, अब केस कर दिखाई सीनाजोरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। चीन के साथ यारी बढ़ा रहे श्रीलंका को ड्रैगन ने बड़ा झटका दिया है। ड्रैगन ने पहले श्रीलंका को जहरीली जैविक खाद दी और जब उसने लेने से मना कर दिया तो चीनी कंपनी ने अब कोलंबो पर मुकदमा ठोक दिया है।

चीनी कंपनी ने श्रीलंका के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता प्रक्रिया शुरू की है। चीनी कंपनी सीविन बायोटेक ने खाद के मुद्दे के समाधान के लिए श्रीलंका के साथ तर्कपूर्ण समझौता नहीं होने पर यह केस किया है। चीनी कंपनी का श्रीलंका के खिलाफ मुकदमा करना अपने आप में दुर्लभ घटना माना जा रहा है। करीब 20 हजार टन खाद लेकर चीन से श्रीलंका पहुंचा यह चीनी जहाज स्वीकार्य समझौता नहीं होने पर चीन वापस लौट रहा है। इस विवाद को सुलझाने के लिए चीन ने काफी कोशिश की थी। यहां तक कि उसने श्रीलंका को डराने का भी प्रयास किया लेकिन राजपक्षे सरकार अपने फैसले पर अडिग रही।

यह जहाज अब सिंगापुर पहुंच गया है और कंपनी ने वहीं पर अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता प्रक्रिया शुरू की है। इसके जरिए चीन श्रीलंका के साथ बढ़ते विवाद को सुलझाना चाहता है। बता दें कि श्रीलंका और चीन के बीच इन दिनों जैविक खाद को लेकर कूटनीतिक खींचतान जारी है।




## कनाडा ने भी बीजिंग ओलंपिक का किया बहिष्कार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। अमेरिका ने बीजिंग में होने वाले ओलंपिक में शामिल होने से इनकार कर दिया है। इसके बाद चीन और अमेरिका के रिश्तों में और भी कड़वाहट आ गई है। अब अमेरिका के साथ यूके, कनाड़ा भी शामिल हो गए हैं। ये देश भी अमेरिका द्वारा विंटर ओलंपिक का बायकाट कर रहे हैं। अमेरिका का मानना है कि बीजिंग में फरवरी में होने वाले ओलंपिक में वह शामिल नहीं होगा क्योंकि चीन लगातार लोगों के मानवधिकारों का हनन कर रहा है। वहीं चीन ने अमेरिका को चेतावनी दी है। चीन ने मंगलवार को कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका अपने फैसले के लिए कीमत चुकाएगा। वहीं आईओसी ने बढ़ते राजनयिक बहिष्कार को कम करने की मांग की।

# कोरोना की पूरी चाल–ढाल को बदल सकता हैं ओमीक्रोन वेरिएंट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जेनेवा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख ने कहा कि ओमीक्रोन वेरिएंट की कुछ विशेषताएं, इसके वैश्विक प्रसार और बड़ी संख्या में म्यूटेंट की क्षमता के कारण यह कोरोना के प्रारूप को बदल सकता है। खबरों के अनुसार, ओमीक्रोन वेरिएंट अब 57 देशों में मौजूद है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेबियस ने एक प्रेस ब्रीफिंग में चेतावनी दी कि यह पिछले वेरिएंट की तुलना में अधिक तेजी से फैल सकता है।

डब्ल्यूएचओ चीफ ने कहा कि अब हम संचरण (दरों) में तेजी से वृद्धि की एक सुसंगत तस्वीर देखना शुरू कर रहे हैं, हालांकि

### ओमीक्रोन वेरिएंट पर डब्ल्यूएचओ चीफ ने दी चेतावनी

अभी के लिए अन्य वेरिएंट के सापेक्ष वृद्धि की सटीक दर को निर्धारित करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के उभरते आंकड़े बताते हैं कि ओमीक्रोन के साथ फिर से संक्रमण का खतरा बढ़ गया है, लेकिन मजबूत निष्कर्ष निकालने के लिए अधिक डेटा की आवश्यकता है।

**वायरस की विकासवादी प्रकृति इसे और संक्रमणीय बनाती है**

डब्ल्यूएचओ विशेषज्ञों ने कहा है कि हालांकि कुछ सबूत यह सुझाव दे सकते हैं कि ओमीक्रोन पहले के डेल्टा वेरिएंट की तुलना में हल्के लक्षणों का कारण बनता है, अभी कोई अंतिम निष्कर्ष निकालने के लिए ये शुरूआती दिन हैं। डब्ल्यूएचओ के स्वास्थ्य आपात स्थिति कार्यक्रम के कार्यकारी निदेशक माइक रयान के अनुसार, हालांकि वायरस की विकासवादी प्रकृति इसे और अधिक संक्रमणीय बनाती है क्योंकि यह खुद को बदलता है। डब्ल्यूएचओ की मुख्य वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन के अनुसार, यह कहना अभी भी जल्दबाजी होगी कि ओमीक्रोन टीके की प्रभावशीलता में उल्लेखनीय कमी ला सकता है। डब्ल्यूएचओ ने सभी देशों से निगरानी, परीक्षण और अनुक्रमण बढ़ाने और ऑनलाइन केस रिपोटिंग फॉर्म का उपयोग करके डब्ल्यूएचओ क्लिनिकल डेटा प्लेटफॉर्म पर अधिक डेटा जमा करने का आह्वान किया है।

### अंतरिक्ष में मिला विशालकाय ग्रह, हैरत में वैज्ञानिक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सेंटियागो। चिली में मौजूद वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में एक महाविशालकाय ग्रह का पता लगाया है जो आकार में हमारे सोलर सिस्टम के सबसे बड़े ग्रह बृहस्पति से 11 गुना बड़ा है। यह ग्रह दक्षिणी आकाश में दो चमकदार सितारों के चक्कर लगा रहा है। इस ग्रह को b Centauri नाम दिया गया है और यह दुनियाभर के वैज्ञानिकों को आश्चर्य में डाले हुए है। इस खोज के बाद अब ग्रहों के निर्माण और विकास को लेकर प्रचलित मान्यताओं को चुनौती मिलनी शुरू हो गई है। बी सेंचुरी ग्रह धरती से करीब 325 प्रकाश वर्ष दूर है। इस गैस से भरे ग्रह का परिक्रमा पथ बृहस्पति ग्रह से 100 गुना चौड़ा है। रहस्य की बात यह है कि बी सेंचुरी ग्रह वहीं पर बना प्रतीत होता है। जर्नल नेचर में प्रकाशित इस अध्ययन में खगोलविदों ने अपनी खोज के बारे में पूरा विवरण दिया है। ऐसा पहली बार है जब एक गैस से भरे ग्रह को एक सितारे के आसपास खोजा गया है जो हमारे सूरज से आकार में तीन गुना बड़ा है।